## सार-समाचार

### श्री जगन्नाथ भगवान रथयात्रा 27 को

**कोटा, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस्कॉन कोटा के तत्वावधान में 27 जून को भव्य श्रीजगन्नाथ भगवान रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम संगम रथयात्रा में देखने को मिलेगा। इस्कॉन कोटा के सह-प्रबंधक मायापुरवासी प्रभुजी ने बताया कि रथयात्रा दोपहर 3 बजे से गुमानपुरा स्थित शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर गीता भवन में समापन तक नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आयोजित की जाएगी। रथयात्रा के दौरान पूरे रास्ते में हरिनाम संकीर्तन, पुष्प वर्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रसाद वितरण और भक्तों की श्रद्धामयी सहभागिता इस यात्रा को अलौकिक बनाएगी। इस्कॉन रथयात्रा समिति के द्वारा पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम हुआ। इस्कॉन कोटा प्रबंधक अवतार गौर प्रभु, सहप्रबंधक गजेन्द्रपति प्रभु, संजय साहनी, जीवनज्योति अग्रवाल, नवनीत माहेश्वरी, नलिन पाराशर, टेकचंद बोधवानी आदि ने पोस्टर विमोचन किया। इस भव्य आयोजन का केंद्र बिंदु श्री भगवान जगन्नाथ का विशेष रूप से सजाया गया रथ होगा। जिसकी लंबाई 12 फीट है और उसे 30 फीट तक बढ़ाया जा सकता है। इस रथ को वृंदावन से लाए गए सुगंधित फूलों, एलईडी लाइटों, और शोभायात्रा की पारंपरिक कलाकृतियों से सजाया जाएगा। रथ पर जुड़ी होंगी 50 से 70 फीट लंबी दो विशाल रस्सियाँ, जिन्हें श्रद्धालु भक्तगण खींचते हुए प्रभु को नगर भ्रमण कराएंगे। इस पुण्य अवसर पर रथ पर प्रभु श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी का विग्रह विराजमान रहेगा। पूरे आयोजन में 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयकारे गूंजते रहेंगे।

### चोरी के आरोपी सहित दो किशोर निरूद्ध

**कोटा, (निसं)।** सांगोद पुलिस टीम ने देवनारायण मंदिर में हुए छत्र चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस टीम ने इस मामले में विधि से संघर्षरत दो किशोरो को निरूद्ध किया। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से चोरी गये माल को भी बरामद कर लिया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 15 जून को मंदिर के पंचायती ट्रस्ट के अध्यक्ष फरियादी आशीष गोचर ने सांगोद थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 14 जून की रात्रि को प्राचीन देवनारायण मंदिर के किवाड़ का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर भगवान देवनारायण के चांदी के छत्र को चुराकर ले गया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया तथा मंदिर में हुए छत्र चोरी का खुलासा करने व आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक सांगोद बाबूलाल रैगर के सुपरविजन में सांगोद थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी लाखन सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले। चोरी प्रकरण में आरोपियों को नामजद किया जाकर डिटेन कर गहनता से पूछताछ की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि टीम ने कार्यवाही करते हुए ताखाजी मोहल्ला थाना सांगोद निवासी अजय उर्फ बाबू सैनी (19) को गिरफ्तार किया साथ ही मामले में विधि से संघर्षरत दो किशोरो को निरूद्ध किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किये चांदी के छह छत्र एवं टूटे हुए चांदी के घुघरे को बरामद किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# राज्यपाल ने आरटीयू के नव निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया

**कोटा, (निसं)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना होना चाहिए। स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सिर्फ किताबी पाठ्यक्रम के आधार पर नहीं वरन् व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर शिक्षा दी जाए ताकि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो सकें। बागड़े गुरुवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार के

■ **शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना हो : राज्यपाल**




**आरटीयू के नव निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण राज्यपाल के द्वारा किया गया है।**

लोकार्पण के बाद संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विश्वविद्यालय का नया प्रवेश द्वार बनने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का सही परिचय वहां प्रदान की जा रही शिक्षा से होता है। प्राचीन समय में गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुलों में विविध भाषाओं एवं विषयों की अभ्यास आधारित शिक्षा दी जाती थी। उस जमाने में डिग्री वाले इंजीनियर नहीं होते थे लेकिन वे तकनीकी दृष्टि से इतने दक्ष थे कि मजबूत इमारतें बनाते थे। वहां विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति को बढ़ाते हुए ज्ञान दिया जाता था। बागडे ने कहा कि विकसित प्रौद्योगिकी से जीवन की जटिलताओं के समाधान में मदद मिलती है। तकनीकी शिक्षा व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाते हुए उसे समाज में उच्चतम स्तर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। उन्होंने तकनीकी विश्वविद्यालयों का आव्हान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण प्रौद्योगिकी का विकास कर विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाएं।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए स्कूलों में खेल मैदान अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल मैदान नहीं होंगे तो बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता विकसित करने पर आधारित है। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के.सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार धौलपुर के लाल रंग के पत्थरों से बनाया गया है और यह राजस्थान की वास्तुकला को भी दर्शाता है। यह प्रवेश द्वार संस्थान की परम्परा एवं गरिमा के साथ आधुनिकता का भी प्रतीक है। इस प्रवेश द्वार से ज्ञान के मंदिर में प्रवेश करते हुए विद्यार्थी सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

लोकार्पण के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. बी.पी. सारस्वत, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन सहित अन्य अधिकारी एवं विश्वविद्यालय स्टॉफ मौजूद था।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** खातौली पुलिस टीम ने सोशल मिडिया पर धर्म विशेष के समबन्ध इन्टाग्राम आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सामप्रदायिकता को बढ़ावा देने वालों पर ग्रामीण पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उसी के तहत खातौली थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी मनसीराम ने कार्यवाही करते हुए धनवा निवासी सत्यप्रकाश को अपनी इन्टाग्राम आईडी पर धर्म विशेष के समबन्ध में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार किया।

**MAA Bharti Teacher's Training College**
SWAMI VIVEKANAND NAGAR, KOTA
Phone No 7230002446, 9829191640
**Requirement**
TEACHING STAFF AND LIBRARIAN FOR B.Ed. COLLEGE
♦ LECTURERS :- ARTS, SCIENCE, COMMERCE (in all Subject)
♦ QUALIFICATION :- As per New Rules Regulation of N.C.T.E. PG & M.Ed. with 55% in Both and NET/P.hd./SET in Education.
♦ LIBRARIAN :- For Library.
♦ QUALIFICATION :- B. Lib. and M. Lib. As per New Rules Regulation of N.C.T.E.
Application Must Submit to M.B.T.T. College till 25.06.2025 with Documents set & two Photographs
Secretary Principal

### कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिकोउ/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/7084 दिनांक: 17.6.25

**स्वामित्व हस्तान्तरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश पांचाल पुत्र स्व. श्री गोपाल पांचाल निवासी हनुमान पाडा, सिविल लाईन खण्ड गांवडी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा उत्तर में आवेदन प्रस्तुत कर खण्ड गांवडी कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 625 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। खण्ड गांवडी कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 625 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर निगम कोटा द्वारा अहस्तान्तराणीय नियमन-आवंटन/अधिकार पत्र क्रमांक ननिको/नियमन-आवंटन/1999/1829 दिनांक 10.05.2002 से श्री गोपाल पांचाल पुत्र श्री मोडू लाल पांचाल को किया गया। श्री गोपाल का देहावसान दिनांक 08.01.2021 को हो जाने के उपरांत श्री गोपाल के विधिक वारिसान श्रीमती कंचन बाई पत्नी स्व. श्री गोपाल पांचाल एवं श्रीमती आशा पांचाल पुत्री स्व. श्री गोपाल पांचाल पत्नी श्री तोलाराम पांचाल ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 25.11.2024 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्री मुकेश पांचाल पुत्र स्व. श्री गोपाल पांचाल के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा उत्तर में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने की किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/3936 दिनांक: 19.6.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोबिन्द हेमराजानी पुत्र श्री श्रीचन्द हेमराजानी एवं श्रीमती भारती पंजवानी पत्नी श्री हरिकृष्ण पंजवानी निवासी आदित्य आवास बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 29-डी गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 60'x100'=6000 वर्गफुट में से पश्चिमी भाग क्षेत्रफल 30'x100'=3000 वर्गफुट जिसके पूर्व दिशा में भूखंड संख्या 29-डी का शेष भाग, पश्चिम दिशा में भूखंड संख्या 30-डी, उत्तर दिशा में 50 फुट चौड़ा रोड तथा दक्षिण दिशा में सरकारी बंगला स्थित है का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 29-डी गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 60'x100'=6000 वर्गफुट का आवंटन सिटी इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट कोटा द्वारा श्री तेजमल जैन पुत्र श्री फूंदी लाल को किया गया। श्री तेजमल जैन ने उक्त भूखंड का आधा भाग क्षेत्रफल 30'x100'=3000 वर्गफुट जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 20.10.1965 से श्री रुपचन्द पुत्र श्री गुरुदत्ता मल खत्री को विक्रय कर दिया। श्री रुपचन्द का देहावसान दिनांक 09.09.1972 एवं उनकी पत्नी श्रीमती भागवती का देहावसान दिनांक 18.05.1995 को व उनके एक मात्र पुत्र श्री खेराती लाल का देहावसान दिनांक 10.04.2000 को तथा श्री खेराती लाल की पत्नी श्रीमती चन्द्रावती का देहावसान दिनांक 26.06.2023 व उनके चार पुत्रों श्री अनिल कुमार अरोड़ा, श्री अरुण कुमार अरोड़ा, श्री नरेश कुमार व श्री गुलशन कुमार व एक पुत्री पूनम अरोड़ा में से एक पुत्र श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री खेराती लाल का देहावसान दिनांक 11.04.2010 को हो जाने के उपरांत श्री गुलशन कुमार के विधिक वारिसान श्रीमती किरण पत्नी स्व. श्री गुलशन एवं चेताली अरोरा व याशिका अरोरा पुत्रियां स्व. श्री गुलशन कुमार ने उक्त भूखंड में से स्वयं का अविभाजित 1/5 भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.03.2025 से श्री गोबिन्द हेमराजानी पुत्र श्री श्रीचन्द हेमराजानी एवं श्रीमती भारती पंजवानी पत्नी श्री हरिकृष्ण पंजवानी को विक्रय कर दिया। श्री खेराती लाल की पुत्री श्रीमती पूनम अरोडा पत्नी श्री मनमोहन अरोडा ने जर्ये नोटेरी जनरल पॉवर ऑफ अट्रॉनी से उक्त भूखंड में से स्वयं के अविभाजित 1/5 भाग का श्री अरुण कुमार अरोड़ा पुत्र स्व. श्री खेराती लाल को मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री अरुण कुमार अरोड़ा पुत्र स्व. श्री खेराती लाल ने बहैसियत स्वयं व बहैसियत मुख्तार आम श्रीमती पूनम अरोड़ा पत्नी श्री मनमोहन अरोड़ा के उक्त भूखंड में से अविभाजित 2/5 भाग एवं श्री नरेश कुमार पुत्र स्व. श्री खेराती लाल ने उक्त भूखंड में से स्वयं का अविभाजित 1/5 जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.03.2025 से श्री गोबिन्द हेमराजानी पुत्र श्री श्रीचन्द हेमराजानी एवं श्रीमती भारती पंजवानी पत्नी श्री हरिकृष्ण पंजवानी को विक्रय कर दिया। श्री अनिल कुमार अरोड़ा पुत्र श्री खेराती लाल ने उक्त भूखंड में से स्वयं का अविभाजित 1/भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.03.2025 से श्री गोबिन्द हेमराजानी पुत्र श्री श्रीचन्द हेमराजानी एवं श्रीमती भारती पंजवानी पत्नी श्री हरिकृष्ण पंजवानी को विक्रय कर दिया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के आवेदित भाग का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड के आवेदित भाग का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

# केडीए द्वारा ट्रक रिपेयर्स वर्कशॉप नगर की लॉटरी संपन्न

**कोटा, (निसं)।** कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रक रिपेयर्स वर्कशॉप नगर शंभूपुरा ग्रोथ सेंटर एकीकृत योजना की लॉटरी केडीए परिसर में निकाली गई। शुरूआत कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त ऋषव मंडल द्वारा उपस्थित आमजन एवं आवेदकों तथा कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी पर्ची निकालकर की गई। फर्स्ट फेज की लॉटरी में 324 आवेदक एवं उपलब्ध भूखण्ड भी 324 थे तथा द्वितीय फेज में आवेदन पत्र 133 व उपलब्ध भूखण्ड 101, इस प्रकार 425 भूखण्डों के लिये लॉटरी संपन्न की गई। लॉटरी के दौरान निदेशक वित्त डॉ.नीतू सिंह, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर, निदेशक विधि वीरेन्द्र सिंह यादव, राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल, अधिशाषी अभियंता अंकित अग्रवाल, जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि प्रवीण सुमन नगर नियोजन शाखा के के.के. शर्मा सहायक लेखाधिकारी मोहर सिंह मीना उपस्थित रहे। सफल आवेदकों को आवंटन पत्र शीघ्र ही विशेष शिविर आयोजित कर जारी किये जायेंगे।




**कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा लॉटरी से भूखण्ड आवंटित किये गये।**

## अवैध मादक पदार्थ दो किलो अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों पर रोक लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत् चित्तौड़गढ़ जिले के अकोला खुर्द गांव के निकट आवरी माता रोड पर एक मोटरसाइकिल को रोककर कार्यवाही करते हुए दो किलो मादक पदार्थ अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आवरी माता मार्ग से होते हुए अकोला खुर्द गांव के निकट चित्तौड़गढ़ जिले में ड्रग तस्कर को अफीम पहुंचाएंगे। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, चित्तौड़गढ़-प्रथम एवं द्वितीय डिवीजन के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई, मौके पर मोटरसाइकिल की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद निवारक दल ने मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2.168 किलोग्राम अफीम बरामद हुई।

**पश्चिम मध्य रेल**
कैटलॉग न. : DKNT-PKG-2025
अनुबंध का प्रकार : पार्किंग, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 04.07.2025 समय 12.00 बजे, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। (हस्ता)
वरि. मंडल वाणिज्य प्रंबधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नरेन्द्र सिंह हाड़ा पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी-4-एल-7 तलवंडी, कोटा की कब्जे काश्त की आराजी खसरा नम्बर-263/3 दक्षिणी रकबा 0.4480 हेक्टर वाके बालाकुण्ड, पटवार हल्का रामचन्द्रपुरा, भूमि अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र लाडपुरा तहसील लाडपुरा जिला कोटा में स्थित है, जिसके सम्बन्ध में मेरे पक्षकार ने गिरिराज मीणा पुत्र श्री कैलाश मीणा को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया था किन्तु विश्वास समाप्त होने से उक्त मुख्तारनामों को निरस्त कर दिया है और गिरिराज मीणा के उक्त आराजी के सम्बन्ध में सभी अधिकार समाप्त किये जा चुके है। अतः कोई व्यक्ति, संस्था उक्त आराजी के सम्बन्ध में गिर्राज मीणा से कोई संव्यवहार नही करें अन्यथा मेरे पक्षकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**रामस्वरुप चौधरी (एडवोकेट)**
म.नं.-17, सेक्टर-7, केशवपुरा, कोटा
दि. 19.6.2025 मो. 9414392753

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान श्री बाबूलाल वर्मा पुत्र श्री भैरूलाल, आयु 52 वर्ष एवं श्रीमति सुनीता वर्मा पत्नि श्री बाबूलाल वर्मा आयु 45 वर्ष निवासीगण पावर हाउस के पास, DCM इन्द्रागांधी नगर कोटा (राज.) जिनका पुत्र अजय वर्मा पुत्र श्री बाबूलाल वर्मा, जो कि आये दिन मेरे पक्षकारान के साथ गाली-गलौच, लड़ाई-झगड़ा करके शारिरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है, तथा आये दिन परेशान करता है, मेरे पक्षकारान के प्रभाव एवं नियन्त्रण में नहीं है, अनैतिक कार्यों में लिप्त है, इस कारण मेरे पक्षकारान ने उनके पुत्र अजय वर्मा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करके अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है, तथा मेरे पक्षकारान का उनके पुत्र अजय वर्मा से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है, यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकारान के पुत्र अजय वर्मा से किसी प्रकार का कोई लेन-देन, संव्यवहार आदि करता है तो उसके लिये मेरे पक्षकारान जिम्मेदार नहीं होगें। कृपया सूचित हो।
कोटा
दिनांक 19.06.2025

भवदीय
आशीष माहेश्वरी एडवोकेट
कोटा (राज.)
मो. 9511571949

### विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अंकित जैन पुत्र श्री अशोक कुमार जैन द्वारा राकेश कुमार कान्तिवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द के आधिपत्य व स्वामित्व की एक सम्पत्ति जिसकी पैमायश 1434.97 वर्गफीट वाके प्लाट का उत्तरी भाग राधेश्याम मन्दिर की गली वार्ड नं. 13 पुरानी 40 नया भवानीमण्डी जिला झालावाड़ राज. में स्थित है को क्रय किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति राकेश कुमार कान्तिवाल को जरिये रजिस्टर्ड वसीयत राधा देवी से प्राप्त हुआ था, यह कि उक्त सम्पत्ति को पिरामल फाइनेन्स लिमिटेड शाखा कोटा रहन रख कर ऋण दिया जा रहा है।
यह कि उक्त सम्पत्ति को पिरामल फाइनेन्स लिमिटेड शाखा कोटा द्वारा रहन रखकर ऋण देने के संबंध में यदि किसी आम व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी भी व्यक्ति को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
दिनांक: 19.06.2025

अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032,
सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798

# कलेक्ट्रेट पर जे के मजदूरों ने धरना दिया

**कोटा, (निसं)।** बकाया वेतन भुगतान करने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्री पर चल रहा श्रमिकों का धरना गुरूवार को बरसात के बीच जारी रहा। बारिश में भी श्रमिक अपनी मांग को लेकर डटे रहे। धरने का संचालन कर रहे कामरेड अशोक सिंह ने कहा कि जिला कलेक्ट्री के बाहर धरने को चलते हुए 122 दिन हो गये लेकिन अभी तक सरकार का ध्यान श्रमिकों की मांगो पर नही पड़ा है।

मजदूर नेता कामरेड हबीब खान ने कहा कि जे के सिंथेटिक मे काम करने वाले 4200 मजदूरो/कर्मचारियों को बिना वेतन का भुगतान किये 28 साल पहले जेके फैक्ट्री के मालिक ने फैक्ट्री बन्द कर मजदूरों को बेरोजगार कर दिया जिसके खिलाफ फैक्ट्री मे मजदूरों के हित मे काम करने वाली सीटू संगठन से संबंधित तीनों मजदूर यूनियनों के नेताओं ने फैक्ट्री को चलवाने ओर बकाया वेतन भुगतान कराने के लिए आंदोलन किया और उसी आंदोलन के दबाव मे मौजूदा सरकार ने मजदूरों ओर जेके सिंथेटिक के मालिक के बीच हस्तक्षेप करते हुए जेके फैक्ट्री को आराफात पेट्रो केमिकल्स प्रा.लि. को मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करने ओर फैक्ट्री को चलाकर मजदूरों को रोजगार देने व फैक्ट्री की मशीनों की देखरेख की शर्तो पर यह कहते हुए लीज पर दिया की एक साल के अंदर मजदूरों का भुगतान नहीं किया गया तो लीज डीड रद्द मानी जायेगी।

शर्तों के अनुसार आराफात ने ना तो एक साल के अंदर फैक्ट्री को चलाकर मजदूरों को रोजगार दिया ओर ना ही बकाया वेतन का भुगतान किया। मजदूरों के बकाया वेतन की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्री के बाहर 18 फरवरी से सरकार से बकाया वेतन भुगतान कराने ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागु करवाने के लिए अनिश्चित कालीन धरना लगाकर बैठना पड़ा है।

चार माह से भीषण गर्मी ओर बैमौसम हुई बारिश मे जेके फैक्ट्री के मजदूर अपना बकाया वेतन भुगतान सरकार से लेने के लिए अपने बुलंद हौसलों के साथ डटे हुए है, परन्तु अभी तक कोई नतीजा नही निकला है।

## जमना बावड़ी पर श्रमदान किया

**कोटा, (निसं)।** नयापुरा में एमबीएस अस्पताल के सामने स्थित ऐतिहासिक धरोहर जमना बावड़ी पर गुरूवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान किया गया। कचरे से अटी पड़ी जमना बावड़ी करीब दो घंटे के सफाई अभियान के बाद चमक उठी। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल स्रोतों की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को जमना बावड़ी पर अभियान के कोटा शहर संयोजक विवेक राजवंशी के सानिध्य में सफाई अभियान चलाया गया।

# नकली खाद, नकली बीज और नकली पेस्टिसाइड पर पूर्ण रूप से रोक लगे

**कोटा, (निसं)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे के नेतृत्व में किसानों ने नकली खाद, नकली खाद और नकली पेस्टिसाईड के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले माफियाओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों की पूरी फसलों की खरीद करने एवं किसानों को लाभकारी मूल्य देने, मानसून सत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी का बिल लाए जाने व राजस्थान के किसानों की मूंग की भी एमएसपी पर खरीद शुरू कराने सहित किसानों की विभिन्न मांगो को लेकर सांगोद एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

■ **केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, फिर कैसे बिक रहा है नकली खाद-नकली बीज ओर नकली पेस्टिसाइड**

बरसात भी किसानों का हौसला नहीं तोड़ पाई किसानों ने भीगते हुए किया प्रदर्शन। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने किसानों की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की राजस्थान में बड़े पैमाने पर फैक्ट्रीयों से नकली खाद, नकली बीज और नकली पेस्टिसाईड का पकड़ा जाना बेहद गंभीर मामला है।किसानों की मेहनत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए। देश में फैले नकली खाद, नकली बीज नकली पेस्टिसाइड माफियाओं पर शिकंजा कसना अति आवश्यक है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, फिर कैसे बिक रहा है। नकली खाद- नकली बीज ओर नकली पेस्टिसाइड? मनोज दुबे ने कहा की नकली खाद, नकली बीज नकली पेस्टिसाइड का पूरा नेटवर्क पकड़ने के लिए सरकार को इसकी जांच सीबीआई से करवानी चाहिए, ताकि कोई भी अपराधी बच न पाएं। अमृतकाल में किसानों को नकली खाद, नकली बीज ओर नकली कीटनाशक दवाईयों का वितरण होना किसानों के लिए अन्यायकाल बन गया है। नकली खाद, नकली बीज, नकली पेस्टिसाइड से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है, ओर खेत खराब एवं बंजर हो रहे है।

नकली खाद, नकली बीज ओर नकली पेस्टिसाईड माफियाओं को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर नकली खाद, नकली बीज, नकली पेस्टिसाइड माफियाओ पर बुलडोजर चलाकर किसानों के साथ न्याय करें।धरती माता को खतरनाक केमिकल्स से बचाने के लिए नकली बीज, नकली खाद और नकली पेस्टिसाईड पर पूर्ण रूप से रोक लगे। तथा सरकार नकली खाद, अमानक बीज और गुणवत्ताहीन पेस्टिसाईड बनाने वालों के खिलाफ कड़ा कानून बनाऐं। मनोज दुबे ने कहा की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों की सभी फसलों की पूरी खरीद हो एवं किसानों को सभी फसलों का लाभकारी मूल्य मिले व अन्नदाताओं से अन्न का हर एक दाना खरीदने का वायदा पूरा करने के लिए सरकार कड़े कदम उठाकर कर्ज से परेशान किसानों को राहत दे। सभी फसलो की खरीद में देरी और सीमित खरीद किसानों की बड़ी समस्या है।

इससे लिए सरकार मानसून सत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी का बिल लाकर किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देकर किसानों से किया वायदा पूरा करें। मनोज दुबे ने कहा की सरकार राजस्थान के किसानों की मूंग भी एमएसपी कर खरीद की घोषणा अतिशीघ्र करें उत्तरप्रदेश, हरियाणा, गुजरात एवं मध्यप्रदेश में एमएसपी पर मूंग की खरीद की घोषणा की जा चुकी है। फिर राजस्थान के किसानों के साथ भेदभाव एवं सौतेला व्यवहार क्यों? किया जा रहा है। किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान में एमएसपी पर मूंग की खरीद शुरू नहीं होने के करण किसान मूँग की फसल 5000 से 6,000 रूपए क्विंटल में बेचने को मजबूर है, जबकि मूंग की एमएसपी 8,768 रूपए क्विंटल है।

किसानों को हर क्विंटल पर 2,768 से 3,768 तक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार अतिशीघ्र राजस्थान के मूंग किसानो की उपज समर्थन मूल्य पर खरीद की घोषणा कर राजस्थान के किसानों को राहत दें। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमावत, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू चौधरी, डॉ.महेश पारीक, धन्नालाल मेघवाल, रजिया बानो, तुषार दुबे, सुमन सैन, ओम सोनी, सत्तार, चन्द्रप्रकाश नागर, भगवान शर्मा, मुकेश मीणा, नरेश मीणा, ईरशाद खान, धर्मेंद्र खंगार, हीरालाल मीणा, कुंज बिहारी सुमन,मोरपाल सुमन, लेखराम चौवदार, कृष्ण मुरारी दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला-बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.अ./भूमि/2024-25/750 दिनांक-19.06.2025

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**लोक सूचना**

श्री रामेशवर प्रसाद मीना पुत्र श्री लीलाराम जाति मीणा निवासी अन्ता जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के व्यवसायिक उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-बारां तहसील-अन्ता | राजस्व ग्राम अन्ता पटवार हल्का अन्ता तह. अन्ता | 2242/273 रकबा 0.11 है. | 1100 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका अन्ता

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/146 दिनांक:-17.6.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 143 आरोग्य नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 240 दिनांक 12.08.1996 को श्री गोपाल लाल वर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र वर्मा के नाम आवंटन किया गया था। श्री गोपाल लाल वर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र वर्मा द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री विपिन जैन पुत्र श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.06.2010 को श्रीमती निर्मला राजवंशी पत्नी स्व. श्री बृजनन्दन राजवंशी को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती निर्मला राजवंशी पत्नी स्व. श्री बृजनन्दन राजवंशी द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 143 आरोग्य नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती निर्मला राजवंशी पत्नी स्व. श्री बृजनन्दन राजवंशी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/247 **विज्ञप्ति** दिनांक:-19.6.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम खेडली पुरोहित में स्थित कृषि भूमि योजना रॉयल टाउन खसरा नं. 105-111 में स्थित भूखंड संख्या 44 क्षेत्रफल 191.66 वर्गगज आवेदक/आवेदिका श्री कृष्ण कुमार गौतम पुत्र स्व. श्री घनश्याम शर्मा (घनश्याम गौतम) निवासी 44 शान्ति निकेतन रॉयल टाउन खेडली फाटक कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 573 दिनांक 05.04.2002 को श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 15.09.2012 तथा पत्नी श्रीमती शान्ति बाई की मृत्यु दिनांक 04.12.1986 को हो चुकी है। मृतक घनश्याम शर्मा के विधिक वारिसान पुत्र कृष्ण कुमार गौतम, देवेन्द्र कुमार गौतम, चैतन्य कुमार गौतम, योगेन्द्र कुमार गौतम है। वारिसान देवेन्द्र कुमार गौतम, चैतन्य कुमार गौतम, योगेन्द्र कुमार गौतम द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 15.07.2024 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री कृष्ण कुमार गौतम पुत्र स्व. श्री घनश्याम शर्मा (घनश्याम गौतम) पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2025/71-72 दिनांक:-19.6.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचित किया जाता है कि श्री सुधीरा देवी पुत्र श्री श्याम नारायण झा निवासी प्लाट सं.-30 मंशा विहार, सिल्वर बैल्स स्कूल के पास, रंगतालाब, अर्जुनपुरा कोटा ज. केशवपुरा कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की लघु यंत्रालय उपविधि 2010 के अनुसार श्री सुधीरा देवी पुत्र श्री श्याम नारायण झा द्वारा टी.ए. केम्प के पीछे पूनम कालोनी स्टेशन कोटा में आटा-चक्की लगाने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त नगर निगम कोटा (उत्तर)

### कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2025/75-76 दिनांक:-19.6.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचित किया जाता है कि श्रीमती नाथी बाई पत्नी श्री गणेश लाल निवासी दुकान सं. 66 आर.एच.बी. कालोनी चौपाटी रोड कुन्हाड़ी कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार गोगीज चोखी हांडी, नॉनवेज रेस्टोरेन्ट, आर.एच.बी. कालोनी चौपाटी रोड कुन्हाड़ी कोटा की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त नगर निगम कोटा (उत्तर)

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/3937 दिनांक: 19.6.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार विजय पुत्र श्री मदन मोहन विजय निवासी-340 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-340 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-340 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा क्षेत्रफल-1800 वर्गफुट का कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक : लेखा/मण्डी/17 दिनांक 29.12.1969 से श्री मदन मोहन विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय को आवंटन जारी किया गया। श्री मदन मोहन विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय द्वारा उक्त भूखंड की वसीयत नोटेरी दिनांक 22.02.2022 से श्री राजकुमार विजय पुत्र श्री मदन मोहन विजय के नाम की है। श्री मदन मोहन विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय की मृत्यु दिनांक 04.08.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री राजकुमार विजय पुत्र श्री मदन मोहन विजय है। श्री राजकुमार विजय पुत्र श्री मदन मोहन विजय के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/3932 दिनांक: 19.6.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र कुमार श्रेष्ठी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी निवासी-611 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-611 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-611 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा क्षेत्रफल-1800 वर्गफुट का कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक : लेखा/मण्डी/3332 दिनांक 01.10.1969 से श्री भेरुलाल पाटोदी पुत्र श्री देवलाल को आवंटन किया गया। श्री भेरुलाल पाटोदी पुत्र श्री देवलाल की मृत्यु दिनांक 01.09.2012 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्रीमती शांति पाटोदी पत्नी स्व. श्री भेरुलाल पाटोदी ने पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 30.10.2024 से उक्त भूखंड को उपहार द्वारा श्री जितेन्द्र कुमार श्रेष्ठी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी को दिया गया है। श्री जितेन्द्र कुमार श्रेष्ठी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

